Email : ideacitinews@gmail.com

एक नये कल के लिए एक नई आवाज

साप्ताहिक | 19 नवंबर - 25 नवंबर 2026

मूल्य : 5/- रुपये

# आइडियासिटी न्यूज़

रविवार

वर्ष : 1 | अंक : 1 | पेज : 08 | पी.आर.जी.आई. रजि. : BIHHIN/26/A8735 | www.ideacitinews.com | भारत के प्रेस महापंजीयक से मान्यता प्राप्त साप्ताहिक अखबार




# बिहार की नई पटकथा : 778 फैसलों से खुलेंगे तरक्की के रास्ते

आइडियासिटी संवाददाता

पटना : बिहार की धरती ने दुनिया को ज्ञान दिया, इतिहास को गौरव दिया और देश की अर्थव्यवस्था में कृषि के जरिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अब इसी धरती के भीतर छिपी खनिज संपदा को राज्य की आर्थिक समृद्धि का नया आधार बनाने की तैयारी है। झारखंड से अलग होने के बाद बिहार के सामने खनिज आधारित बड़े उद्योगों के विकास की चुनौती रही है। लेकिन अब सरकार की नजर उन प्राकृतिक संसाधनों पर है, जिनका वैज्ञानिक तरीके से इस्तेमाल कर राज्य में उद्योग, निवेश और रोजगार की नई संभावनाएं पैदा की जा सकती हैं। इसी दिशा में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में 18 नवंबर 2026 को हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में जमुई और बांका के तीन खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी की तैयारी को मंजूरी दी गई। जमुई के मजोस और भंटा में मैग्नेटाइट तथा बांका के पिंडारा में कॉपर-लेड-जिंक खनिज ब्लॉक इसके केंद्र में हैं। संसाधनों का मूल्यांकन, आरक्षित मूल्य निर्धारण और नीलामी की समय-सीमा तय करने की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। यह फैसला केवल खनन विभाग का प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि बिहार की औद्योगिक संभावनाओं को नए सिरे से तलाशने की कोशिश है। इस नई पहल को बीते एक वर्ष के मंत्रिपरिषद के फैसलों के साथ जोड़कर देखें तो सरकार की विकास प्राथमिकताओं की एक बड़ी तस्वीर सामने आती है। 17 नवंबर 2025 से 10 नवंबर 2026 के बीच 33 बैठकों में 47 विभागों के 778 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। शिक्षा, सड़क, उद्योग, कृषि, बिजली, स्वास्थ्य, शहरी विकास, सामाजिक सुरक्षा और प्रशासनिक सुधारों से जुड़े इन निर्णयों के बीच अब खनिज संपदा के व्यावसायिक उपयोग की पहल राज्य के आर्थिक विकास की एक नई कड़ी बनती दिखाई दे रही है।



**खनिज संपदा से निवेश, राजस्व और रोजगार बढ़ाने की रणनीति : 33 बैठकों में 47 विभागों के 778 फैसलों से तैयार हो रहा विकास का व्यापक रोडमैप**

**जमुई के दो मैग्नेटाइट और बांका के कॉपर-लेड-जिंक ब्लॉक की ई-नीलामी की तैयारी को कैबिनेट की मंजूरी**

## 210 प्रखंडों में कॉलेज युवाओं को शिक्षा का नया अवसर

सरकार के पिछले एक वर्ष के फैसलों में शिक्षा का विस्तार भी प्रमुख रहा है। डिग्री कॉलेज से वंचित सभी 210 प्रखंडों में नए कॉलेज स्थापित करने और इसके लिए 9,152 पदों के सृजन को मंजूरी दी गई है। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को 2031 तक विस्तार देने, मुख्यमंत्री बालिका पीएचडी फेलोशिप और बिहार की बेटी स्टार्टअप चैलेंज योजना शुरू करने का निर्णय लिया गया। एससी-एसटी विद्यार्थियों के प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति की दरों में संशोधन तथा मुख्यमंत्री एससी-एसटी छात्रावास अनुदान को 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,000 रुपये प्रतिमाह करने का निर्णय भी महत्वपूर्ण है। बक्सर के डुमरांव में उस्ताद बिस्मिल्ला खां संगीत महाविद्यालय के निर्माण को स्वीकृति देकर सांस्कृतिक शिक्षा को भी बढ़ावा देने की पहल हुई है।

### सुरक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा पर भी फैसले

गृह विभाग के तहत पुलिस बल में नए पदों का सृजन, महिला पुलिसकर्मियों के लिए स्कूटी और पुलिसकर्मियों के लिए मोटरसाइकिल की खरीद, पटना में साइबर अपराध इकाई भवन तथा जेलों में 9,000 से अधिक सीसीटीवी कैमरों का अधिष्ठापन शामिल है। आपदा प्रबंधन विभाग ने सामूहिक सड़क दुर्घटनाओं को राज्य की विशेष आपदा में शामिल कर एसडीआरएफ से अनुग्रह अनुदान देने की व्यवस्था की। गया जी और मुंगेर को नागरिक सुरक्षा जिला घोषित करने तथा आपदा जोखिम न्यूनीकरण रोडमैप 2025-30 को मंजूरी देने का निर्णय भी लिया गया। स्वास्थ्य विभाग के तहत मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों के उन्नयन, स्वास्थ्यकर्मियों के पदों के सृजन और बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता दी गई। समाज कल्याण विभाग की सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आंगनबाड़ी, पोषण-2.0, महिला-बाल विकास और दिव्यांगजन सशक्तिकरण की योजनाओं को भी विस्तार दिया गया।

## एक्सप्रेसवे से टाउनशिप तक बदलते बिहार का शहरी नक्शा

**पथ निर्माण विभाग के फैसलों में पटना रिंग रोड, बक्सर-भागलपुर छह लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे तथा विभिन्न सड़कों के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण की योजनाएं शामिल हैं। ग्रामीण कार्य विभाग के माध्यम से ग्रामीण सड़कों और पुलों के निर्माण के साथ उनके रखरखाव पर भी जोर दिया गया है। नगर विकास एवं आवास विभाग के तहत 11 नए सैटेलाइट और ग्रीनफील्ड टाउनशिप विकसित करने की सैद्धांतिक सहमति दी गई। अमृत-2.0 के तहत विभिन्न शहरों में पेयजल आपूर्ति और सीवरेज नेटवर्क के विस्तार को भी स्वीकृति मिली है। इन फैसलों का महत्व इसलिए भी है क्योंकि उद्योगों और निवेश के लिए बेहतर सड़क, शहरी सुविधाएं और आधारभूत संरचना अनिवार्य हैं।**

### 778 फैसलों के बीच अब धरातल पर परिणाम की प्रतीक्षा

33 बैठकों में 47 विभागों के 778 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इन फैसलों में पंचायती राज संस्थाओं को अनुदान, ग्रामीण आवास, पेयजल, जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, नहर अनुरक्षण, पर्यटन सर्किट, संग्रहालयों का विकास, पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण, भूमि सर्वेक्षण, ई-गवर्नेंस, न्यायिक आधारभूत संरचना और हवाई कनेक्टिविटी जैसे विषय भी शामिल रहे। अब चुनौती है कि योजनाओं की स्वीकृति से आगे बढ़कर उन्हें जमीन पर उतारा जाए। बिहार की आर्थिक तस्वीर तभी बदलेगी जब निवेश आएगा, उद्योग स्थापित होंगे, स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा और प्राकृतिक संसाधनों का लाभ प्रदेश के नागरिकों तक पहुंचेगा। जमुई-बांका में खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी की तैयारी, सेमीकंडक्टर पार्क, डिफेंस कॉरिडोर और फिनटेक सिटी, पटना रिंग रोड और बक्सर-भागलपुर छह लेन एक्सप्रेसवे, 11 नई सैटेलाइट एवं ग्रीनफील्ड टाउनशिप, कृषि फीडरों के सोलराइजेशन के लिए 2,761.55 करोड़ रुपये।

## सेमीकंडक्टर पार्क, डिफेंस कॉरिडोर और फिनटेक सिटी पर नजर

उद्योग विभाग के माध्यम से बिहार को पूर्वी भारत का औद्योगिक एवं तकनीकी केंद्र बनाने की दिशा में सेमीकंडक्टर पार्क, डिफेंस कॉरिडोर और फिनटेक सिटी के लिए शीर्ष समितियों का गठन किया गया। बिहार सेमीकंडक्टर नीति-2026 और जैव ईंधन एवं कम्प्रेस्ड बायोगैस उत्पादन प्रोत्साहन नीति को मंजूरी दी गई। इन पहलों के साथ जमुई और बांका के खनिज संसाधनों का विकास भी जुड़ता है तो राज्य में खनिज आधारित उद्योगों के लिए एक नया अवसर बन सकता है। इसके लिए निवेशकों को जमीन, बिजली, परिवहन और प्रशासनिक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण होगा।

## जमुई और बांका के नीचे छिपा है उद्योगों का भविष्य

खनिज संपदा के लिहाज से जमुई और बांका के लिए यह पहल महत्वपूर्ण मानी जा रही है। जमुई के मजोस और भंटा में मैग्नेटाइट के भंडार हैं। मैग्नेटाइट लौह अयस्क का महत्वपूर्ण स्रोत है, जिसका उपयोग लोहा और इस्पात उद्योग में होता है। दूसरी ओर बांका जिले के पिंडारा में कॉपर, लेड और जिंक के खनिज संसाधन मौजूद हैं। तांबा बिजली के तार, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मशीनरी और औद्योगिक संयंत्रों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लेड का उपयोग मुख्य रूप से बैटरी निर्माण में होता है, जबकि जिंक इस्पात को जंग से बचाने और विभिन्न औद्योगिक उत्पादों में इस्तेमाल किया जाता है। इन खनिजों का वैज्ञानिक एवं व्यावसायिक दोहन होने पर खनिज आधारित उद्योगों के विकास की संभावनाएं बन सकती हैं। सरकार ने इन तीनों ब्लॉकों की ई-नीलामी की तैयारी के लिए संसाधन मूल्यांकन, आरक्षित मूल्य निर्धारित करने और नीलामी की समय-सीमा तय करने को मंजूरी दी है। इसके बाद निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार नीलामी की औपचारिक अधिसूचना जारी करने की दिशा में काम आगे बढ़ेगा।

## मुख्यमंत्री का लक्ष्य, खनिज संपदा से बढ़े निवेश और रोजगार

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी लगातार बिहार को निवेश के लिए बेहतर गंतव्य बनाने और राज्य के प्राकृतिक संसाधनों का इस्तेमाल जनहित में करने पर जोर दे रहे हैं। उनका मानना है कि बिहार में संसाधनों की कमी नहीं है, जरूरत उनके बेहतर उपयोग और औद्योगिक संभावनाओं को धरातल पर उतारने की है। खनिज एवं भूतत्व मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार के विभाग के सामने अब इन संसाधनों के वैज्ञानिक आकलन, पारदर्शी नीलामी और निवेश की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी है। केंद्र सरकार के खान मंत्रालय के साथ भी बिहार में महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों के अन्वेषण तथा निवेश को लेकर समन्वय की पहल की गई है। 17 अगस्त 2026 को पटना में आयोजित महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिज ब्लॉकों की नीलामी के आठवें चरण के रोड शो में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और केंद्रीय कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे ने भी बिहार की खनिज संभावनाओं पर जोर दिया था। उस अवसर पर मुख्यमंत्री ने निवेशकों को बिहार में खनन एवं उद्योग के क्षेत्र में निवेश के लिए आमंत्रित किया था और खनिज संपदा से मिलने वाली रॉयल्टी को जनकल्याण तथा राज्य के विकास में खर्च करने की प्रतिबद्धता जताई थी।

## केवल खनन नहीं, उद्योगों की पूरी शृंखला विकसित करने की जरूरत

बिहार के सामने सबसे बड़ा अवसर यह है कि खनिजों की नीलामी के बाद उनका उपयोग राज्य के भीतर ही उद्योगों के विकास में किया जाए। यदि मैग्नेटाइट के आधार पर लौह एवं इस्पात प्रसंस्करण उद्योग विकसित होते हैं और तांबा, जिंक तथा लेड से संबंधित औद्योगिक इकाइयां स्थापित होती हैं तो परिवहन, भंडारण, मशीनरी, निर्माण और सहायक सेवाओं में भी रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं। जमुई और बांका जैसे जिलों में स्थानीय युवाओं को रोजगार, छोटे कारोबारियों को काम और क्षेत्रीय बाजारों को नई गतिविधियां मिलने की संभावनाएं हैं। हालांकि इसके लिए केवल खनिज ब्लॉक की नीलामी पर्याप्त नहीं होगी। उद्योगों के लिए बिजली, सड़क, पानी, निवेश, पर्यावरणीय स्वीकृति और प्रशिक्षित मानव संसाधन की व्यवस्था भी जरूरी होगी। यही वजह है कि खनिज संपदा को औद्योगिक विकास की व्यापक नीति से जोड़कर देखना होगा।

## खेतों में तकनीक, किसानों को सिंचाई और सौर ऊर्जा का सहारा

कृषि विभाग के तहत मखाना विकास योजना, डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन, किसान रजिस्ट्री, कृषि यंत्रीकरण और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जैसी पहलों को आगे बढ़ाया गया। कृषि फीडरों के सोलराइजेशन के लिए 2,761.55 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई। डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के तहत भोजपुर में इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क, डेयरी तकनीक संस्थान, नस्ल सुधार योजना, बिहार राज्य बकरी पालक सहकारी परिसंघ और मुख्यमंत्री गौधन विकास ऋण योजना को स्वीकृति दी गई।

# अगले छठ पर बाजार समिति से मिलेंगे प्राकृतिक फल-फूल और अन्न : विजय सिन्हा

आइडियासिटी संवाददाता



पटना। खेती को रसायनों के बोझ से मुक्त कर धरती की उर्वरता और लोगों की सेहत बचाने की मुहिम को जन-जन तक पहुंचाने में मीडिया की भूमिका अहम है। प्राकृतिक खेती केवल कृषि की एक पद्धति नहीं, बल्कि पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य से जुड़ा संकल्प है। ये बातें बुधवार को कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कृषि भवन परिसर, मीठापुर में आयोजित विशेष संवाद कार्यक्रम में कहीं। अक्षय नवमी के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती के महत्व पर चर्चा के साथ इसके प्रचार-प्रसार में सराहनीय योगदान देने वाले पत्रकारों को सम्मानित भी किया गया। कृषि मंत्री ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण तथा मिट्टी की उर्वरता बढ़ाना समय की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप प्राकृतिक खेती को जन-आंदोलन बनाना है। उन्होंने घोषणा की कि अगले छठ महापर्व पर प्राकृतिक तरीके से उत्पादित अन्न, फल और फूल बाजार समिति के माध्यम से उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी। इससे किसानों को बाजार और उचित मूल्य मिलेगा तथा छठव्रतियों को गुणवत्तापूर्ण पूजन सामग्री मिल सकेगी। उन्होंने किसानों की सक्रिय भागीदारी के साथ मीडिया से प्राकृतिक खेती के सफल प्रयोगों और लाभों को समाज तक पहुंचाने की अपील की।

# धनरुआ के वीर बाजार में खुला नया पुलिस ओपी, अब इलाके की सुरक्षा व्यवस्था होगी और मजबूत

आइडियासिटी संवाददाता



मसौढ़ी (पटना)। ग्रामीण इलाकों में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने और आम लोगों को सुरक्षा का बेहतर माहौल उपलब्ध कराने की दिशा में पटना पुलिस ने एक नई पहल की है। धनरुआ थाना क्षेत्र के वीर बाजार में बुधवार को नए पुलिस आउटपोस्ट (ओपी) का विधिवत उद्घाटन किया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, मसौढ़ी-02 आशीष राज ने इसका उद्घाटन करते हुए क्षेत्र में पुलिस व्यवस्था को और प्रभावी बनाने की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर संबंधित पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि नए ओपी की स्थापना से क्षेत्र में पुलिस की मौजूदगी मजबूत होगी। इससे स्थानीय लोगों को सुरक्षा संबंधी समस्याओं के समाधान, शिकायतों के निष्पादन और पुलिस तक अपनी बात पहुंचाने में सहूलियत मिलने की उम्मीद है। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान ओपी की उपयोगिता और पुलिस की प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी साझा की गई। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना, आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और जरूरत पड़ने पर त्वरित पुलिस कार्रवाई करना प्राथमिकता रहेगी। वीर बाजार में पुलिस आउटपोस्ट शुरू होने से धनरुआ थाना क्षेत्र में पुलिस की पहुंच बढ़ाने और स्थानीय स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

# बेटियों की सुरक्षा में बड़ी बहन बनीं 'पुलिस दीदी', बिहार में 1045 टीमों का गठन : 790 मनचलों पर कार्रवाई

**1.45 लाख से अधिक शिक्षण संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती, 4700 स्कूटर-मोटरसाइकिल उपलब्ध**



आइडियासिटी संवाददाता

पटना। स्कूल, कॉलेज या कार्यस्थल आने-जाने के दौरान सुरक्षा की चिंता अब बेटियों के आत्मविश्वास पर भारी न पड़े, इसी उद्देश्य से बिहार में 'पुलिस दीदी' पहल को मजबूती दी जा रही है। महिला सुरक्षा के साथ छात्राओं को भरोसा और सहयोग देने वाली इस व्यवस्था में महिला पुलिसकर्मियों को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। बिहार में अब तक 1045 पुलिस दीदी टीमों का गठन किया गया है। इस पहल से महिलाओं और छात्राओं के बीच सुरक्षा का भरोसा बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। पटना वीमेंस कॉलेज की छात्रा प्रीति कुमारी के अनुसार, कॉलेज के आसपास पांच से छह पुलिस दीदी की मौजूदगी से उन्हें पहले की अपेक्षा अधिक सुरक्षित महसूस होता है। वहीं, साई ज्योति हॉस्पिटल में कार्यरत राज्यनंदनी का कहना है कि महिला पुलिसकर्मियों की मौजूदगी से अब बिना डर के काम पर आना-जाना आसान हुआ है। आंकड़ों के अनुसार, 1,45,450 से अधिक स्कूल, कॉलेज, कोचिंग संस्थान, मॉल और पार्क जैसे सार्वजनिक स्थलों पर महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। टीमों को 4700 स्कूटर और मोटरसाइकिल उपलब्ध कराए गए हैं। पुलिस दीदी टीमों ने अब तक 790 मनचलों के खिलाफ कार्रवाई की है। वहीं, ऑपरेशन विधि पालक के तहत 2694 संस्थानों में जागरूकता अभियान चलाकर 2,79,941 छात्राओं एवं अन्य लोगों को जागरूक किया गया है।

# ऑनलाइन सट्टेबाजी के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क पर एसटीएफ का बड़ा प्रहार, पांच राज्यों में 38 गिरफ्तार

**गिरोह के सरगना समेत तीन महिलाएं भी गिरफ्तार, 22 लाख नकद, 300 से अधिक एटीएम कार्ड और 100 से ज्यादा मोबाइल बरामद**



आइडियासिटी संवाददाता

पटना। ऑनलाइन सट्टेबाजी की आड़ में अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक अपराध का नेटवर्क संचालित करने वालों के खिलाफ बिहार एसटीएफ ने बड़ी कार्रवाई की है। बुधवार को बिहार सहित पांच राज्यों में एक साथ छापेमारी कर गिरोह के सरगना समेत 38 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं। इस कार्रवाई में 22 लाख रुपये नकद, 300 से अधिक एटीएम कार्ड, 100 से ज्यादा मोबाइल फोन, पांच लैपटॉप और छह टैब बरामद किए गए हैं। पटना साइबर थाना कांड संख्या 1529/26 के अनुसंधान के दौरान इस नेटवर्क का खुलासा हुआ। कार्रवाई में पटना, रांची, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और कोलकाता की पुलिस तथा विभिन्न बैंकों की टीमें शामिल रहीं। पटना के राजा बाजार, बोरिंग रोड, पत्रकार नगर और पाटलिपुत्र समेत कई ठिकानों पर छापेमारी की गई। इसके अलावा कोलकाता, दिल्ली, गाजियाबाद और रांची में भी दबिश दी गई। एसटीएफ के अनुसार, गिरोह 222.Balie&ch.com और इससे जुड़ी अन्य वेबसाइटों के माध्यम से ऑनलाइन सट्टेबाजी का कारोबार चला रहा था। बरामद एटीएम कार्ड, मोबाइल और बैंकिंग दस्तावेजों की जांच की जा रही है। एजेंसियां गिरोह के आर्थिक लेनदेन और अन्य सहयोगियों की पहचान में जुटी हैं।

# मूर्ति विसर्जन जुलूस में पिस्टल लहराना पड़ा महंगा, पटना पुलिस ने नाबालिग को दबोचा

आइडियासिटी संवाददाता



पटना : मूर्ति विसर्जन का जुलूस निकल रहा था, लोग भक्ति और उत्साह में शामिल थे, लेकिन इसी बीच एक किशोर हथियार लहराकर इलाके में दहशत फैलाने की कोशिश कर रहा था। हालांकि, पुलिस की सतर्कता से उसकी मंशा कामयाब नहीं हो सकी। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने जुलूस के बीच से एक विधि-विरुद्ध बालक को निरुद्ध कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी पिस्टल और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए गए। घटना दानापुर थाना क्षेत्र के भठी मोड़ स्थित आर्य समाज मंदिर के समीप की है। नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी), पटना कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, 17 और 18 नवंबर की मध्यरात्रि पुलिस को सूचना मिली थी कि मूर्ति विसर्जन जुलूस में शामिल एक युवक अवैध हथियार लहरा रहा है। सूचना मिलते ही वरीय अधिकारियों के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक (दानापुर-1) के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल गठित किया गया। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध विधि-विरुद्ध बालक को पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से एक देशी पिस्टल और पांच जिंदा कारतूस मिले। इस मामले में दानापुर थाना कांड संख्या 1306/26, दिनांक 18 नवंबर 2026 के तहत आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी)ए/26/35 में प्राथमिकी दर्ज की गई है। कार्रवाई में थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक अनुज गुप्ता, सुचिन्द्र मंडल, मनीष पासवान और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।



# नए साल में शुरू होगा पटना का पहला इंटरचेंज मेट्रो स्टेशन, खेमनीचक से बदल सकेंगे दो रूटों की ट्रेन

## जनवरी में परिचालन शुरू होने की तैयारी, मलाही पकड़ी और मीठापुर कॉरिडोर होंगे कनेक्ट




आइडियासिटी संवाददाता

**पटना।** राजधानी में मेट्रो से सफर करने वाले यात्रियों के लिए नए साल की शुरुआत बड़ी सौगात लेकर आ सकती है। पटना का पहला इंटरचेंज मेट्रो स्टेशन खेमनीचक जनवरी 2027 में शुरू होने की उम्मीद है। इसके चालू होने से यात्रियों को एक ही स्टेशन पर मेट्रो बदलकर दो अलग-अलग कॉरिडोर पर सफर करने की सुविधा मिलेगी। इससे पूर्वी पटना के यात्रियों को आवागमन में सहूलियत होगी और मेट्रो नेटवर्क की कनेक्टिविटी बेहतर बनेगी। फिलहाल पटना मेट्रो आईएसबीटी से मलाही पकड़ी के बीच 6.2 किलोमीटर के हिस्से में संचालित हो रही है। इस रूट पर आईएसबीटी, जीरो माइल, भूतनाथ और मलाही पकड़ी स्टेशन चालू हैं। खेमनीचक स्टेशन शुरू होने के बाद मलाही पकड़ी और मीठापुर की ओर जाने वाले दोनों कॉरिडोर आपस में जुड़ जाएंगे। पहले इस स्टेशन को अक्टूबर में शुरू करने का लक्ष्य था, लेकिन निर्माण में देरी से समयसीमा बढ़ानी पड़ी। वहीं, खेमनीचक से मीठापुर के बीच 3.1 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड रूट पर जून 2027 तक परिचालन शुरू करने का लक्ष्य है। पटना मेट्रो के भूमिगत हिस्से के लिए यात्रियों को 2028 तक इंतजार करना पड़ सकता है।

# बेतिया में दिनदहाड़े गोल्ड शोरूम में 40 करोड़ की लूट

## तीन बाइक से पहुंचे आठ हथियारबंद अपराधियों ने मचाया तांडव

आइडियासिटी संवाददाता

**बेतिया (पश्चिम चंपारण)।** बिहार में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि अब दिनदहाड़े शहर के व्यस्त इलाके में भी करोड़ों की लूट को अंजाम देने से नहीं चूक रहे। बुधवार को बेतिया के कालीबाग थाना क्षेत्र स्थित सुप्रिया रोड पर सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स शोरूम में आठ हथियारबंद अपराधियों ने धावा बोल दिया। तीन बाइक पर सवार होकर पहुंचे बदमाश हथियारों के बल पर शोरूम में घुसे और सोने-हीरे के आभूषण लूटकर फरार हो गए। शुरुआती अनुमान के मुताबिक लूटे गए गहनों की कीमत 30 से 40 करोड़ रुपये तक बताई जा रही है। हालांकि वास्तविक नुकसान का आकलन किया जा रहा है। व्यस्त सड़क पर हुई इस वारदात से इलाके में अफरातफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही डीआइजी हर किशोर राय, एसपी और विभिन्न थानों की पुलिस



मौके पर पहुंची। शोरूम कर्मचारियों से पूछताछ के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अपराधियों की पहचान शुरू कर दी है। संभावित ठिकानों पर छापेमारी और वाहनों की जांच की जा रही है। जिले के थानों को अलर्ट किया गया है। दिनदहाड़े हुई इस बड़ी लूट ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# नागालैंड पुलिस के जवान राम जपो रजक का पार्थिव शरीर पहुंचते ही गांव में मचा कोहराम

## सड़क दुर्घटना में घायल जवान ने दिल्ली के अस्पताल में तोड़ा दम

### अयोध्या-मिथिला गंगा घाट पर बड़े पुत्र ने दी मुखाग्नि

आइडियासिटी संवाददाता

**बेगूसराय :** तेघड़ा प्रखंड की गौड़ा-दो पंचायत के काजीरसलपुर गांव में बुधवार को उस समय माहौल गमगीन हो गया, जब नागालैंड पुलिस में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत राम जपो रजक का पार्थिव शरीर उनके पैतृक घर पहुंचा। सड़क दुर्घटना में घायल जवान की दिल्ली के अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। उनके निधन की खबर से पूरा गांव शोक में डूब गया। अंतिम दर्शन के लिए हजारों की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी।मृतक की पहचान गौड़ा-दो पंचायत के वार्ड संख्या एक, काजीरसलपुर निवासी स्वर्गीय हरिचरण रजक के 49 वर्षीय पुत्र राम जपो रजक के रूप में हुई। वह तीन भाइयों में सबसे बड़े थे। उनके बड़े पुत्र अनीश कुमार ने बताया कि उनके पिता वर्तमान में दिल्ली के वजीराबाद स्थित खजूरी कैंप में अपनी सेवा दे रहे थे। 12 नवंबर की सुबह ड्यूटी पर जाने के दौरान रास्ते में एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। स्थानीय लोगों ने डायल 112 को सूचना देकर उन्हें अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद परिजनों



को दुर्घटना की जानकारी मिली। दिल्ली के अस्पताल में इलाज के दौरान 16 नवंबर की सुबह करीब 9:30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। लोक आस्था के महापर्व छठ के संध्या अर्घ्य के दिन उनके निधन की खबर मिलने से परिवार सहित पूरे गांव में मातम छा गया। खजूरी कैंप में जवानों और कमांडेंट ने उन्हें अंतिम सलामी दी। इसके बाद बुधवार दोपहर सेना के वाहन से उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव लाया गया। इस दौरान पंचायत के पूर्व मुखिया अशोक सिंह, पैक्स अध्यक्ष कामदेव यादव, बबलू सिंह, रामाशीष साह, सुनील रजक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पुष्प अर्पित कर नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। हर किसी की आंखें नम थीं और परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।बाद में जवान के पार्थिव शरीर को तेघड़ा के प्रसिद्ध अयोध्या-मिथिला गंगा घाट ले जाया गया, जहां बड़े पुत्र अनीश कुमार ने उन्हें मुखाग्नि दी। मृतक अपने पीछे दो पुत्रों को छोड़ गए हैं। बड़ा पुत्र अनीश कुमार दुर्गापुर में एनआईटी की पढ़ाई के तीसरे वर्ष में है, जबकि छोटा पुत्र विवेक कुमार कोटा में नीट की तैयारी कर रहा है। एक कर्तव्यनिष्ठ जवान के असामयिक निधन से पूरे इलाके में शोक की लहर है। गांव के लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# पोलियो से सुरक्षा की तैयारी तेज, तेघड़ा में 1.22 लाख नौनिहालों को पिलाई जाएगी दो बूंद जिंदगी की

## 22 नवंबर से शुरू होगा पल्स पोलियो अभियान




आइडियासिटी संवाददाता

**बेगूसराय :** बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने आगामी पल्स पोलियो अभियान की तैयारियां तेज कर दी हैं। आगामी 22 नवंबर 2026 से शुरू होने वाले अभियान को सफल बनाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) तेघड़ा के सभागार में स्वास्थ्य कर्मियों एवं अभियान से जुड़े अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आईएफएम अजय कुमार ने अभियान में लगाए गए सभी 50 सुपरवाइजर, 116 घर-घर भ्रमण करने वाली टीमें, 30 ट्रांजिट टीमें, आठ मोबाइल टीमें और छह सबडिपो से जुड़े कर्मियों को अभियान की कार्ययोजना एवं जिम्मेदारियों की जानकारी दी। उन्हें निर्देश दिया गया कि अभियान के दौरान कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित नहीं रहना चाहिए। इस अवसर पर सीएचसी प्रभारी डॉ. रामकृष्ण ने बताया कि इस अभियान के तहत तेघड़ा प्रखंड क्षेत्र में जन्म से पांच वर्ष तक के लगभग 1 लाख 22 हजार बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए घर-घर जाकर बच्चों को दवा पिलाने के साथ-साथ ट्रांजिट एवं मोबाइल टीमों के माध्यम से भी अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान किसी कारणवश छूट गए बच्चों को 28 नवंबर 2026 को बी-टीम के माध्यम से पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य है कि पांच वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। प्रशिक्षण के दौरान अभियान की निगरानी, टीमों के बीच समन्वय और शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने पर विशेष जोर दिया गया। मौके पर बीएचएम, बीसीएम, एलएस, आईसीडीएस कर्मियों सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं। बच्चों का सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने में अभिभावकों की भागीदारी बेहद जरूरी है।

# चमथा कल्पवास मेले में देर रात तक गूंजती रही कविताएं

## मेले में पूरे कार्तिक मास श्रद्धालु साधू-संत करते हैं गंगा की पूजा आराधना

आइडियासिटी संवाददाता

**बेगूसराय ।** बछवाड़ा प्रखंड क्षेत्र के कल्पवास स्थल चमथा गंगाघाट में मंगलवार को कवि सम्मेलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें अध्यात्म के साथ साहित्य की भी अविरल धारा बही। कवि सम्मेलन के दौरान कविताओं से साधु-संत एवं कल्पवासी हास्य रस से सराबोर होते रहे। कवि सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी बेगूसराय के जिलाध्यक्ष शिव प्रकाश गरीबदास,विशिष्ट अतिथि अवकाश प्राप्त डीएसपी सह भाजपा नेता सुनील कुंवर, हिन्दुस्तान मानवाधिकार एसोसिएशन के चेयरमैन लगन कुमार पाण्डेय, चेरियावरियारपुर के जदयू विधायक अभिषेक आनंद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम



की अध्यक्षता साहित्यकार सीताराम शेरपुरी ने की। मंच संचालन बिशनपुर पंचायत के पूर्व मुखिया श्रीराम राय ने किया। मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी बेगूसराय के जिलाध्यक्ष शिव प्रकाश गरीबदास ने कहा कि कवि सम्मेलन साहित्य को समृद्ध करने का समागम है। कवि अपनी रचनाओं से देश दुनिया को सही दिशा दिखाने का काम करते है। गंगा तट कल्पवास स्थल पर कवि सम्मेलन का आयोजन साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा देने का काम करता है। विशिष्ट अतिथि अवकाश प्राप्त डीएसपी सह भाजपा नेता सुनील कुंवर ने कहा कि देश की राजनीति जब जब गड़बड़ाती है साहित्य उसे संभालती है। राष्ट्र तब शक्तिशाली होता है जब उनका कलम साहित्य के लिए उठता है। यह कल्पवास मेला मात्र नहीं बल्कि साधना स्थली है। यहां पूरे कार्तिक मास तक श्रद्धालु साधु-संतों के साथ मां गंगा की आराधना करते हैं। हास्य व्यंग्य के मशहूर कवि मिन्टू कुमार झा ने अपनी स्वरचित कविता कदम-कदम पर लाखों छल,भीड़ बहुत है धीरे चल,सारे खत को खोलें हम,शायद कोई निकले हल सुनाकर तालियां बटोरने के सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए। रोहतास से आए चर्चित कवि अजीत कुमार की कविता मिथिला की पावन धरती पर,बहती है निर्मल गंगा धार चमथा के तट पर लगता है,आस्था का अद्भुत दरबार पर खूब तालियां बजी। खोदावंदपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी सह कवि मिथिलेश विहारी वर्मा की कविता बेगम है तो गम कहां है तो है भी तो बताने का दम कहां है पर खूब तालियां बजी। दरभंगा के पधारे हास्य कवि डॉ.विनोद कुमार हंसौड़ा ने अपनी कविता आजूक जुग मोबाइल के फैशन के स्टाइल के सुनाकर महफिल जमा दिया। तेयाय से आई कवयित्री सुनिता झा की कविता सपने हजार लिए आशाओं की उम्मीद लिए मैं बाबुल का घर छोड़ चली थी,सब अपनों से नाता तोड़ चुकी थी। वही दलसिंहसराय से आएं कवि प्रो.सत्यसंध भारद्वाज ने अपनी कविता गंगा तेरी अमृतधारा कल-कल बहती जाती है,अविरल धारा निर्मलता का पाठ सिखाती है। ने लोगों का खूब मनोरंजन किया। खोदावंदपुर से आएं कवि प्रो.रामकृष्ण की कविता उनकों प्रणाम उनके चरणों में प्रणाम,माता-पिता को समझों सबसे महान। बलिया से आएं कवि विपिन कुमार ने अपनी कविता गंगा जी के पावन तट पर पहुंचे हैं नर नारी, कल्पवास का पावन उत्सव भीड़ जूटी है भारी। स्थानीय कवि पूर्व मुखिया श्रीराम राय की कविता लोकतंत्र की रश्म निभाना पड़ता है,भैस के आगे बिन बजाना पड़ता है। शेरपुर से आएं कवि सीताराम शेरपुरी की कविता गाँव-गाँव यारों सांसद में कांव-कांव यारों पर लोगों की हंसी रोके नहीं रुक रही थी। कवि उमेश कुंवर की भी कविता की लोगों ने भरपूर आनंद उठाना। वही कवि सम्मेलन के दौरान शिक्षक मंटून पासवान द्वारा रचित पुस्तक अछूत का पानी का विमोचन किया गया। मौके पर कल्पवास सेवा समिति के अध्यक्ष श्री श्री 1008 संत सत्यनारायण जी महाराज,किशोरीशरण जी महाराज,उद्धव दास जी महाराज,रामदास जी महाराज आदि मौजूद थे।

# खाद-बीज दुकान पर कृषि विभाग की बड़ी कार्रवाई की तैयारी, जांच में मिलीं गंभीर अनियमितताएं

## ई पोस मशीन और गोदाम में खाद के स्टॉक में अंतर, बिना अनुमति गोदाम का हो रहा था इस्तेमाल

आइडियासिटी संवाददाता

**बेगूसराय :** तेघड़ा प्रखंड में कृषि विभाग की औचक जांच के दौरान खाद-बीज के एक प्रतिष्ठान में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। जांच में ई-पॉस मशीन में दर्ज उर्वरक के स्टॉक और गोदाम में रखे खाद की मात्रा में अंतर पाया गया। इसके अलावा बिना विभागीय अनुमति के गोदाम का इस्तेमाल करने और खाद, बीज व कीटनाशक को एक ही जगह मिलाकर रखने का मामला भी सामने आया है। मामला तेघड़ा प्रखंड के अमजदपुर पिढ़ौली स्थित मेसर्स मनीष कृषि केंद्र का है। प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर पंकज कुमार बताए गए हैं। 17 नवंबर 2026 को जिला कृषि



पदाधिकारी अभिषेक रंजन, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी विजय कुमार सिंह,प्रखंड कृषि पदाधिकारी राधिका कुमारी एवं संबंधित कृषि समन्वयक की टीम ने प्रतिष्ठान का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पाया कि ई-पॉस मशीन में प्रदर्शित उर्वरक के स्टॉक और गोदाम में भंडारित खाद की मात्रा में भिन्नता है। वहीं, अनुज्ञप्ति प्राधिकारी की अनुमति के बिना ही गोदाम का उपयोग किया जा रहा था। जांच में खाद, बीज और कीटनाशक को एक साथ मिलाकर रखने की बात भी सामने आई। इसके अलावा बड़ी मात्रा में जैव उर्वरक एवं अन्य उत्पादों का भंडारण तथा एनएससी बीज कंपनी के बोरे में उर्वरक रखे जाने की बात भी जांच में दर्ज की गई है। जिला कृषि पदाधिकारी अभिषेक रंजन ने इस मामले को गंभीर मानते हुए अनुमंडल कृषि पदाधिकारी और प्रखंड कृषि पदाधिकारी तेघड़ा को पत्र जारी कर संबंधित प्रतिष्ठान की बिक्री पर रोक लगाने तथा उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985, बीज अधिनियम 1966 और कीटनाशी अधिनियम 1968 के तहत विधि-सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। पत्र में अधिकारियों को की गई कार्रवाई से जिला कृषि पदाधिकारी को अवगत कराने का भी निर्देश दिया गया है। इस कार्रवाई से खाद-बीज कारोबार में अनियमितता बरतने वाले प्रतिष्ठानों में हड़कंप मचने की संभावना है।

# गढ़हरा प्रीमियर लीग में बिहारी के बल्ले से बरसे रन

## 15 गेंदों में जड़ दिए 54 रन, पूर्व खेल मंत्री ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह

आइडियासिटी संवाददाता



**बेगूसराय :** गढ़हरा प्रीमियर लीग सीजन-3 के दूसरे दिन हिंदुस्तान मैदान, गढ़हरा में क्रिकेट का जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। मैदान में चौके-छक्कों की गूंज के बीच खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। टूर्नामेंट के दौरान टाइगर-11 और महाराणा क्रिकेट क्लब के बीच मुकाबला खेला गया। मैच का मुख्य आकर्षण खिलाड़ी बिहारी की तूफानी बल्लेबाजी रही। उन्होंने महज 15 गेंदों में 54 रन बनाकर अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी का दम दिखाया। उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बिहारी की बल्लेबाजी पर मैदान में मौजूद दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साह बढ़ाया।इस अवसर पर बिहार के पूर्व खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल केवल जीत और हार का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना, आपसी भाईचारे और प्रतिभा को निखारने का सशक्त मंच है। खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ मैदान में उतरना चाहिए।आयोजक अमित ठाकुर ने बताया कि GPL सीजन-3 में ग्रामीण क्षेत्रों की क्रिकेट प्रतिभाएं अपनी खेल क्षमता का शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। टूर्नामेंट को लेकर खिलाड़ियों के साथ-साथ दर्शकों में भी काफी उत्साह है। मौके पर आनंद, रवि, शुभम, मानसा, सुमित कुमार सहित कई खिलाड़ी एवं खेलप्रेमी मौजूद रहे। आयोजन ने स्थानीय क्रिकेट प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का बेहतर अवसर प्रदान किया है।

# न नाम का दबाव, न लक्ष्य का खौफ... बिहार ने दिल्ली को हराकर किया सबसे बड़ा उलटफेर !

## दिल्ली के 224 रन पर बिहार का 227 वाला जवाब, दो विकेट से दर्ज की ऐतिहासिक जीत : राघवेंद्र प्रताप सिंह बने मैन ऑफ द मैच

आइडियासिटी कुन्दन श्रीवास्तव

**पटना।** आईपीएल सितारों से सजी दिल्ली की टीम और सामने 225 रनों का पहाड़ जैसा लक्ष्य, लेकिन बिहार के खिलाड़ियों ने न बड़े नामों की परवाह की और न ही लक्ष्य के दबाव में घुटने टेके। बुधवार को डेली कॉलेज मैदान पर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलीट ग्रुप मुकाबले में बिहार ने दिल्ली को दो विकेट से हराकर टूर्नामेंट का सबसे बड़ा उलटफेर कर दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली ने पांच विकेट पर 224 रन बनाए। यश धुल्ल ने 59 गेंदों पर 125 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जबकि तेजस्वी दहिया ने 25 गेंदों पर 51 रन बनाए। बिहार के राघवेंद्र प्रताप सिंह ने तीन विकेट झटके। जवाब में बिहार ने तूफानी शुरुआत की। आयुष लोहारुका ने 22 गेंदों पर 50 और बिपिन सौरभ ने 19 गेंदों




पर 49 रन ठोक दिए। पावरप्ले में बिहार का स्कोर एक विकेट पर 96 रन था। बाद में राघवेंद्र ने 25, पृथ्वीराज ने 12 और तरुण ने 15 रन बनाकर जीत की राह आसान की। बिहार ने 19.5 ओवर में आठ विकेट पर 227 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। गेंद और बल्ले दोनों से चमके राघवेंद्र मैन ऑफ द मैच बने। यह जीत बिहार के आत्मविश्वास और बड़े मुकाबलों में अपनी पहचान बनाने के जज्बे की गवाही है। दिल्ली के ख़िलाफ़ जब बिहार 189/8 पर संघर्ष कर रहा था, तब मयंक कुमार (24 नाबाद) और प्रशांत सिंह (13 नाबाद) ने 37 रनों की अविजित साझेदारी करके टीम को जीत दिलाई। बेशक इन दोनों खिलाड़ियों की आज की दिलेरी भरी इनिंग का शुक्रगुज़ार रहेगा बिहार क्रिकेट। इन दोनों खिलाड़ियों में जैसे आज जैसे विपिन सौरभ और आयूष लोहरुका की आत्मा समा गई थी।

# गरखा बनेगा महिला साइकिलिंग का राष्ट्रीय ठिकाना

## 5-6 दिसंबर को देशभर की 120 खिलाड़ी दिखाएंगी दमखम

आइडियासिटी कुन्दन श्रीवास्तव




**पटना।** बिहार के खेल मानचित्र पर अब गरखा एक नई पहचान बनाने जा रहा है। यहां देशभर की महिला साइकिलिस्ट अपनी रफ्तार, दमखम और हुनर का प्रदर्शन करेंगी। साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की देखरेख में साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ बिहार की ओर से 5 और 6 दिसंबर 2026 को गरखा में अस्मिता खेलो इंडिया महिला रोड साइकिलिंग नेशनल लीग आयोजित होगी। इसमें विभिन्न राज्यों की चयनित 120 महिला खिलाड़ी और 50 तकनीकी पदाधिकारी शामिल होंगे। पहले यह प्रतियोगिता पटना में प्रस्तावित थी, लेकिन 2 से 11 दिसंबर तक पटना और नालंदा में आयोजित होने वाले बिहार स्टेट गेम्स को देखते हुए आयोजन स्थल बदलकर गरखा किया गया है। साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ बिहार के सचिव डॉ. कौशल किशोर सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। खिलाड़ियों को बेहतर प्रतिस्पर्धात्मक मंच उपलब्ध कराना आयोजन का प्रमुख उद्देश्य है। रोड साइकिलिंग में केवल रफ्तार ही नहीं, बल्कि संतुलन, सहनशक्ति और तकनीक की भी परीक्षा होती है। ऐसे में राष्ट्रीय स्तर की इस लीग से महिला खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। गरखा में आयोजन से छपरा को भी राष्ट्रीय खेल गतिविधियों में नई पहचान मिलने की उम्मीद है।

# दिल्ली में रहता है परिवार, गांव के बंद मकान से लाखों की संपत्ति चोरी

## छठ महापर्व के दौरान चोरों ने बंद घर को बनाया निशाना, आठ लाख के जेवरात और नकदी समेत कीमती बर्तन ले उड़े

आइडियासिटी संवाददाता



**बिहारशरीफ :** छठ महापर्व के दौरान चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाकर लाखों रुपये की संपत्ति चोरी कर ली। परिवार के सभी सदस्य दिल्ली में रहकर कागज का कारोबार करते हैं। गांव में छठ महापर्व की रौनक थी और लोग पूजा की तैयारियों में जुटे थे। इसी दौरान चोरों ने सुनसान घर का फायदा उठाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घर का ताला तोड़कर अंदर घुसे चोर करीब सात से आठ लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात, 50 हजार रुपये नकद और कीमती बर्तन लेकर फरार हो गए। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। चोरी की यह घटना नूरसराय थाना क्षेत्र के बिशनपुर गांव की है। चोरों ने उपेंद्र यादव और उनकी पत्नी ममता कुमारी के बंद मकान को निशाना बनाया। पीड़ित परिवार के दामाद जीपिन कुमार, साला ऋषि कुमार और चचेरे भाई सुबोध कुमार ने बताया कि परिवार के सभी सदस्य दिल्ली में रहते हैं। गांव में उनका आना-जाना कभी-कभार ही होता है। छठ महापर्व के दौरान गांव के लोग पूजा में व्यस्त थे। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने घर के मुख्य दरवाजे की कुंडी तोड़ दी और अंदर प्रवेश कर गए। इसके बाद चोरों ने कमरों के दरवाजे और गोदरेज सहित अलमारियों के ताले तोड़कर सामान खंगाल डाला। घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात, करीब 50 हजार रुपये नकद और कई कीमती बर्तन लेकर चोर फरार हो गए। घर के अंदर सामान बिखरा देखकर चोरी की जानकारी हुई। परिजनों के अनुसार चोरी गई संपत्ति की कीमत करीब आठ लाख रुपये है। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि घटना को लेकर लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है।

# श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया अक्षय नवमी व्रत

## महिलाओं ने की आंवला वृक्ष की पूजा-अर्चना

आइडियासिटी संवाददाता



**बिंद ।** बिंद प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को अक्षय नवमी का पर्व श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने आंवला वृक्ष की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और संतान की लंबी आयु की कामना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को अक्षय नवमी अथवा आंवला नवमी के रूप में मनाया जाता है। इस दिन आंवले के वृक्ष की पूजा, परिक्रमा और दान-पुण्य करने का विशेष महत्व माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन किए गए पूजा-पाठ और दान का पुण्य कभी समाप्त नहीं होता। अक्षय नवमी के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में महिलाओं ने आंवला वृक्ष के नीचे पूजा-अर्चना की। पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा संपन्न करने के बाद महिलाओं ने वृक्ष के नीचे बैठकर भोजन भी ग्रहण किया। श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना कर सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। आस्था और परंपरा से जुड़ा अक्षय नवमी का यह पर्व लोगों को दान-पुण्य, सेवा, परोपकार और सद्कर्म करने का संदेश देता है।

# संदेहास्पद स्थिति में युवक की मौत, खाना खाने के दौरान अचानक बिगड़ी तबीयत

आइडियासिटी संवाददाता

**बिहारशरीफ :** रहुई थाना क्षेत्र के खिदरचक गांव में बुधवार को एक युवक की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। मृतक की पहचान विंदेश्वर पासवान के 45 वर्षीय पुत्र चन्द्रिका पासवान के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि दोपहर तक वह खेत में धान पीटने का काम कर रहा था। इसके बाद घर पर खाना खाने आया। खाना खाने के दौरान अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश होकर गिर पड़ा। आनन-फानन में परिजन उसे इलाज के लिए स्थानीय निजी अस्पताल ले गए। वहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

# बाइक खरीदी, किस्मत ने दिया सोने का तोहफा

## ओम हीरो के ग्राहक चंदन कुमार ने जीता गोल्ड कॉइन

### ग्लैमर एक्स बाइक खरीदने पर गुडलाइफ गोल्ड कॉइन ऑफर के लकी ड्रॉ में चमकी किस्मत

आइडियासिटी संवाददाता

**बिहारशरीफ।** त्योहारों की खुशियों के बीच किसी को मनपसंद बाइक मिल जाए और साथ में सोने का सिक्का भी हाथ लग जाए, तो खुशी दोगुनी होना लाजिमी है। कुछ ऐसा ही हुआ बिहारशरीफ के रामचंद्रपुर स्थित ओम हीरो शोरूम से बाइक खरीदने वाले ग्राहक चंदन कुमार के साथ। धनतेरस के अवसर पर कंपनी की ओर से चलाए जा रहे विशेष ऑफर के तहत उनकी किस्मत ऐसी चमकी कि वे गोल्ड कॉइन के विजेता बन गए। बाइक खरीदने के साथ सोने का सिक्का मिलने की इस सौगात ने उनके त्योहार की खुशियों को और खास बना दिया। जानकारी के अनुसार, चंदन कुमार ने ओम हीरो शोरूम से हीरो की ग्लैमर एक्स बाइक खरीदी थी। इसी खरीदारी पर हीरो मोटोकॉर्प की ओर से संचालित 'गुड लाइफ गोल्ड कॉइन ऑफर' के तहत आयोजित लकी ड्रॉ में उनका नाम चुना गया। इसके बाद उन्हें गोल्ड कॉइन प्रदान किया गया। अचानक मिली इस सौगात से चंदन कुमार और उनके परिवार में खुशी का माहौल है।




**बाइक खरीदने के साथ गोल्ड कॉइन मिलना सरप्राइज : चंदन कुमार**

गोल्ड कॉइन जीतने पर खुशी जाहिर करते हुए विजेता ग्राहक चंदन कुमार ने कहा कि उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था कि बाइक खरीदने पर इतना शानदार उपहार मिल जाएगा। धनतेरस से पहले सोने का सिक्का जीतना उनके और उनके परिवार के लिए किसी बड़े सरप्राइज से कम नहीं है। उन्होंने इस सौगात के लिए ओम हीरो शोरूम के प्रति आभार जताया।

**ग्राहकों को बेहतर सेवा के साथ सौगात देना प्राथमिकता : पवन किशोर**

वहीं, ओम हीरो शोरूम के संचालक पवन किशोर ने विजेता ग्राहक को बधाई देते हुए कहा कि शोरूम का हमेशा प्रयास रहता है कि ग्राहकों को बेहतरीन दोपहिया वाहन उपलब्ध कराने के साथ त्योहारों के मौके पर आकर्षक ऑफर और सौगात भी दी जाए। चंदन कुमार का गोल्ड कॉइन जीतना शोरूम के लिए भी खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ग्राहकों के लिए ऐसे आकर्षक ऑफर और बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास जारी रहेगा।

ग्राहक की इस शानदार जीत के बाद शोरूम परिसर में उत्साह का माहौल है। वहीं, त्योहारों के सीजन में आकर्षक ऑफर और उपहारों की वजह से ग्राहकों के बीच भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

# अक्षय नवमी पर महिलाओं ने की आंवले के पेड़ की पूजा, भुआ में किया गुप्तदान

### परिवार की सुख-समृद्धि और आरोग्य की कामना को लेकर मंदिरों व आंवले के पेड़ों के नीचे उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



आइडियासिटी संवाददाता

**बिहारशरीफ :** अक्षय नवमी के अवसर पर बुधवार को जिलेभर में महिलाओं ने श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ आंवले के पेड़ की पूजा-अर्चना की। सुबह से ही मंदिरों और आंवले के वृक्षों के नीचे महिलाओं की भीड़ जुटने लगी। महिलाओं ने विधि-विधान से पेड़ की पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और आरोग्य की कामना की। इस दौरान परंपरा के अनुसार भुआ में अन्न, वस्त्र, फल और अन्य पूजन सामग्री का गुप्तदान भी किया। कई स्थानों पर महिलाओं ने आंवले के पेड़ के नीचे बैठकर भोजन किया और परिवार के सदस्यों के साथ प्रसाद ग्रहण किया। पंडित मोहन दत्त मिश्रा ने बताया कि कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को अक्षय नवमी या आंवला नवमी के रूप में मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन किए गए पूजा-पाठ, जप-तप और दान-पुण्य का फल अक्षय यानी कभी समाप्त नहीं होने वाला होता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार आंवले के वृक्ष में भगवान विष्णु का वास होता है। यही वजह है कि इस दिन आंवले के पेड़ की पूजा का विशेष विधान है। मान्यता है कि कार्तिक मास में भगवान विष्णु की आराधना और आंवले के वृक्ष का पूजन करने से परिवार में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है। पूजा के दौरान महिलाएं सबसे पहले आंवले के पेड़ की जड़ में जल अर्पित करती हैं। इसके बाद रोली, अक्षत, हल्दी, फूल, फल और मिठाई चढ़ाकर दीप जलाती हैं। पेड़ के तने में कच्चा सूत या मौली लपेटकर परिक्रमा की जाती है और अक्षय नवमी की कथा सुनी जाती है। पूजा के बाद भुआ में गुप्तदान करने की परंपरा है। इसमें अन्न, चावल, दाल, आटा, गुड़, फल, आंवला, वस्त्र और जरूरत के अनुसार रुपये रखकर दान किया जाता है। गुप्तदान का उद्देश्य बिना किसी दिखावे के श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुसार जरूरतमंदों की सहायता करना है। धार्मिक मान्यता है कि गुप्त रूप से किया गया दान पुण्यकारी होता है। आंवले के वृक्ष का धार्मिक महत्व होने के साथ ही स्वास्थ्य की दृष्टि से भी विशेष स्थान है। आंवला विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर फल है। इसका सेवन रोग प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने और शरीर को स्वस्थ रखने में सहायक माना जाता है। आयुर्वेद में भी आंवले को महत्वपूर्ण औषधीय फल बताया गया है। कार्तिक माह में आंवले के पेड़ की पूजा की परंपरा प्रकृति के संरक्षण और उसके प्रति कृतज्ञता का संदेश भी देती है। इस तरह अक्षय नवमी का पर्व धार्मिक आस्था के साथ स्वास्थ्य, दान-पुण्य और प्रकृति के सम्मान से भी जुड़ा हुआ है।

# करनौती के पास ट्रेन की बोगी अलग होने से राजगीर आने-जाने वाली कई ट्रेनें प्रभावित : घंटों विलंब से पहुंचीं गाड़ियां

आइडियासिटी संवाददाता



**बिहारशरीफ :** करनौती रेलवे स्टेशन के पास दानापुर-राजगीर पैसेंजर ट्रेन (63340) की एक बोगी ज्वाइंटर से अलग हो गई। इस घटना के कारण रेल परिचालन प्रभावित हो गया। इसका असर राजगीर से होकर गुजरने वाली कई ट्रेनों पर पड़ा। कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय से घंटों विलंब से चलीं, जबकि कुछ ट्रेनों को रद्द करना पड़ा। राजगीर से पटना जाने वाली फास्ट मेमू पैसेंजर ट्रेन को रद्द कर दिया गया। वहीं, मुंबई से राजगीर आने वाली जनता एक्सप्रेस छह घंटे विलंब से पहुंची। बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस पांच घंटे और पटना-राजगीर फास्ट मेमू पैसेंजर चार घंटे देर से राजगीर पहुंची। इसके अलावा राजगीर से दानापुर जाने वाली पैसेंजर ट्रेन भी निर्धारित समय से करीब ढाई घंटे विलंब से रवाना हुई। हालांकि, नई दिल्ली से राजगीर आने वाली श्रमजीवी एक्सप्रेस को किसी तरह प्रभावित रेलखंड से पास करा दिया गया, जिससे इस ट्रेन से सफर कर रहे यात्रियों को थोड़ी राहत मिली। इसके बावजूद अन्य ट्रेनों के परिचालन पर असर पड़ने से यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गईं। अचानक ट्रेनों के विलंब और रद्द होने की सूचना से स्टेशन पर यात्रियों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। खासकर दूसरे शहरों और प्रदेशों से आने-जाने वाले यात्रियों को अधिक परेशानी हुई। दरअसल, दुर्गापूजा, दीपावली और छठ पर्व के मौके पर दूसरे प्रदेशों में काम करने वाले बड़ी संख्या में लोग अपने घर लौटे थे। अब पर्व समाप्त होने के बाद ये लोग दोबारा अपने काम पर लौट रहे हैं। ऐसे में ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ काफी बढ़ी हुई है। बिहार के नालंदा समेत आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में लोग रोजगार और कामकाज के सिलसिले में दूसरे प्रदेशों में जाते हैं। इनमें अधिकतर लोग लंबी दूरी की यात्रा के लिए रेलवे पर निर्भर रहते हैं। ऐसे समय में ट्रेनों का रद्द होना और घंटों विलंब से चलना उनकी परेशानी बढ़ा रहा है। यात्रियों को समय पर गंतव्य तक पहुंचने में दिक्कत हो रही है। वहीं, कई यात्रियों को अपनी आगे की यात्रा और कामकाज के समय में भी बदलाव करना पड़ रहा है। रेल परिचालन प्रभावित होने से राजगीर स्टेशन पर भी दिनभर यात्रियों की आवाजाही और इंतजार की स्थिति बनी रही।

# स्नान के बाद सात माह के बच्चे की मौत, परिवार में मचा कोहराम

आइडियासिटी संवाददाता

**बिहारशरीफ :** रहुई थाना क्षेत्र के सुलेमानपुर गांव में बुधवार को स्नान के बाद सात माह के एक बच्चे की मौत हो गई। मृतक आलोक कुमार का सात माह का पुत्र देवराज पटेल था। परिजनों ने बताया कि बच्चे को स्नान कराने के दौरान अचानक हिचकी आई, जिसके बाद वह बेहोश हो गया। आनन-फानन में परिजन उसे इलाज के लिए निजी क्लीनिक ले गए। वहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

सदर अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव लेकर घर लौट गए। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।




# राजगीर की पहाड़ियों में अब कर सकेंगे ट्रेकिंग, ऑनलाइन बुकिंग शुरू : 21 नवंबर से तीन दिवसीय ट्रायल

## प्रति ट्रेक 20 पर्यटकों को मिलेगा मौका, दो पालियों में होगा आयोजन : टिकट के लिए ऑफलाइन व्यवस्था नहीं

आइडियासिटी संवाददाता

**राजगीर (नालंदा)।** राजगीर की खूबसूरत पहाड़ियों, प्राकृतिक वादियों और वन क्षेत्रों को करीब से निहारने के साथ रोमांच का अनुभव करने के इच्छुक पर्यटकों के लिए अच्छी खबर है। अब पर्यटक राजगीर की पहाड़ियों में ट्रेकिंग का आनंद उठा सकेंगे। इसके लिए राजगीर ट्रेक की ऑनलाइन बुकिंग बुधवार, 18 नवंबर से शुरू कर दी गई है। शुरुआती चरण में 21, 22 और 23 नवंबर को तीन दिवसीय ट्रायल के तौर पर ट्रेकिंग का आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से ट्रेकिंग की व्यवस्थाओं, सुरक्षा इंतजामों और पर्यटकों की प्रतिक्रिया का आकलन किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, ट्रेकिंग प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली के लिए पर्यटकों को सुबह 8 :30 बजे रिपोर्टिंग करनी होगी, जबकि ट्रेकिंग सुबह 9 बजे शुरू होगी। वहीं, दूसरी पाली के लिए रिपोर्टिंग का समय सुबह 10 :30 बजे और ट्रेकिंग शुरू होने का समय 11 बजे निर्धारित




किया गया है। प्रत्येक ट्रेक में अधिकतम 20 पर्यटकों को शामिल होने का अवसर मिलेगा। इस तरह सीमित संख्या में पर्यटकों के साथ ट्रेकिंग का संचालन किया जाएगा, ताकि पूरी गतिविधि को व्यवस्थित और सुरक्षित रखा जा सके।

**गाइड की निगरानी में होगी ट्रेकिंग**

ट्रेकिंग के दौरान पर्यटकों के साथ एक निर्धारित गाइड मौजूद रहेंगे। गाइड पूरे रास्ते पर्यटकों का मार्गदर्शन करेंगे और सुरक्षा से जुड़े आवश्यक दिशा-निर्देश भी देंगे। सभी प्रतिभागियों को ट्रेकिंग शुरू होने के निर्धारित समय से 30 मिनट पहले रिपोर्टिंग स्थल पर पहुंचना अनिवार्य होगा। इस दौरान आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के साथ ट्रेकिंग से संबंधित निर्देश दिए जाएंगे।

### 100 रुपये होगा प्रवेश शुल्क

ट्रेकिंग में शामिल होने के लिए चार वर्ष एवं उससे अधिक आयु के पर्यटकों को प्रति व्यक्ति 100 रुपये का शुल्क देना होगा। वहीं, दो से चार वर्ष तक के बच्चों के लिए 50 रुपये निर्धारित किए गए हैं। दो वर्ष से कम आयु के बच्चों के शुल्क के संबंध में विज्ञप्ति में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

### सिर्फ ऑनलाइन मिलेगी टिकट, काउंटर पर बुकिंग नहीं

राजगीर ट्रेक के लिए टिकट की बुकिंग केवल आधिकारिक वेबसाइट https://rajgirsafari.bihar.gov.in/ के माध्यम से की जा सकेगी। इसके लिए किसी प्रकार की ऑफलाइन बुकिंग अथवा टिकट काउंटर की व्यवस्था नहीं होगी। पर्यटकों को अपनी पसंद की तिथि और समय के अनुसार पहले से ऑनलाइन टिकट बुक कराना होगा। प्रत्येक ट्रेक में केवल 20 स्लॉट निर्धारित होने के कारण बुकिंग उपलब्धता के आधार पर ही की जाएगी।

### प्रकृति आधारित पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

राजगीर में ट्रेकिंग की शुरुआत को क्षेत्र में साहसिक एवं प्रकृति आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। इससे पर्यटकों को राजगीर की प्राकृतिक विरासत, पहाड़ियों और वन क्षेत्रों को करीब से देखने तथा प्रकृति के बीच रोमांचक अनुभव हासिल करने का अवसर मिलेगा। तीन दिनों के ट्रायल के दौरान पर्यटकों की प्रतिक्रिया, सुरक्षा और संचालन व्यवस्था का मूल्यांकन किया जाएगा। इसके आधार पर भविष्य में ट्रेकिंग गतिविधि को और अधिक व्यवस्थित एवं बेहतर तरीके से संचालित करने की दिशा में कदम उठाए जा सकेंगे।

# एक सप्ताह में तैयार करनी होगी गांवों की विकास योजना, सर्वे समिति के सदस्यों को डीडीसी ने दिया निर्देश

आइडियासिटी संवाददाता

**बिहारशरीफ ।** गांवों के समग्र विकास की रूपरेखा तैयार करने और सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने की दिशा में जिला प्रशासन ने पहल तेज कर दी है। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत बुधवार को बिहारशरीफ स्थित हरदेव भवन सभागार में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उप विकास आयुक्त, नालंदा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में ग्राम स्तरीय सर्वे समिति के सदस्यों को ग्राम विकास योजना तैयार करने की बारीकियों से अवगत कराया गया। साथ ही उन्हें एक सप्ताह के भीतर त्रुटिरहित ग्राम विकास योजना (वीडीपी) तैयार कर जिला कल्याण कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया गया। सामाजिक




न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से संचालित इस योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यशाला दो पालियों में संपन्न हुई। इसमें जिला कल्याण पदाधिकारी, सभी अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी, सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी तथा ग्राम स्तरीय सर्वे समिति के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यशाला की शुरुआत उप विकास आयुक्त एवं जिला कल्याण पदाधिकारी के संबोधन से हुई। अधिकारियों ने प्रतिभागियों को योजना के उद्देश्य और गांवों के विकास के लिए सर्वेक्षण की महत्ता से अवगत कराया।

### ग्राम विकास योजना तैयार करने का दिया गया प्रशिक्षण

कार्यशाला में प्रशिक्षक सह प्रखंड कल्याण पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने उपस्थित सदस्यों को विस्तृत प्रशिक्षण दिया। इस दौरान ग्राम विकास योजना (वीडीपी) तैयार करने की प्रक्रिया और सर्वेक्षण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों पर मार्गदर्शन किया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से सर्वे समिति के सदस्यों को योजना तैयार करते समय विशेष सावधानी बरतने तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि से बचने के निर्देश दिए गए।

### एक सप्ताह में जमा करनी होगी रिपोर्ट

कार्यशाला के समापन पर सभी ग्राम स्तरीय सर्वे समिति के सदस्यों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि वे निर्धारित समयसीमा के भीतर अपने-अपने गांवों की त्रुटिरहित ग्राम विकास योजना तैयार करें। इसके लिए एक सप्ताह का समय निर्धारित किया गया है। सभी सदस्यों को तैयार वीडीपी अनिवार्य रूप से जिला कल्याण कार्यालय, नालंदा में समर्पित करना होगा। जिला प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत गांवों की विकास संबंधी जरूरतों को चिह्नित कर योजनाबद्ध तरीके से विकास की कार्ययोजना तैयार करना है।

# सूफियों ने सद्भाव के साथ संस्कृति को भी संजोया : सूफी महताब आलम

## हजरत मखदूम फरीद उद्दीन तवेला बख्श चिश्ती का मना 551वां उर्स


आइडियासिटी संवाददाता

**बिहारशरीफ।** चांदपुरा स्थित प्रसिद्ध खानकाह चिश्तिया फरीदिया में मंगलवार को विख्यात सूफी बुजुर्ग हजरत सय्यद मखदूम फरीद उद्दीन तवेला बख्श चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह का 551वां सालाना उर्स मुबारक अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर धार्मिक कार्यक्रमों, कुरानख्वानी, जलसा, चादरपोशी, लंगर और महफिल-ए-सिमा का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत कर सूफी संत को खिराज-ए-अकीदत पेश किया।

खानकाह चिश्तिया फरीदिया चांदपुरा के सज्जादानशीं एवं सूफी खानकाह एसोसिएशन के बिहार प्रदेश अध्यक्ष सूफी शाह सय्यद मोहम्मद महताब आलम चिश्ती निजामी की कयादत में उर्स की तमाम रस्में अदा की गईं। इस दौरान कारी मोहम्मद मूसा रजा ने अपनी सुरीली आवाज में मदह-ए-रसूल पेश कर महफिल में मौजूद सामईन को झूमने पर मजबूर कर दिया। उर्स के मौके पर आयोजित अध्यक्षीय संबोधन में सूफी शाह सय्यद मोहम्मद महताब



आलम चिश्ती निजामी ने कहा कि सूफिया-ए-हिंद ने सिर्फ आपसी सद्भाव और भाईचारे का संदेश ही नहीं दिया, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और गंगा-जमुनी तहजीब को संरक्षित करने में भी अहम भूमिका निभाई है। सूफी विचारधारा इंसानियत, मोहब्बत, अमन और एकता का पैगाम देती है। उन्होंने कहा कि सूफी खानकाह एसोसिएशन राष्ट्रीय अध्यक्ष सूफी मोहम्मद कौसर हसन मजीदी एडवोकेट के नेतृत्व में अखिल भारतीय स्तर पर इन उद्देश्यों को लेकर कार्य कर रहा है। उन्होंने युवाओं से संगठन से जुड़कर सूफी विचारधारा और भाईचारे के संदेश को आगे बढ़ाने की अपील की। इस अवसर पर आयोजित महफिल-ए-सिमा यानी सूफी संध्या में सूफियाना कलाम पेश किए गए। अकीदतमंदों ने चादर और नजर-नियाज पेश कर मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली, तरक्की और हिंदू-मुस्लिम भाईचारे की मजबूती के लिए विशेष दुआ मांगी। कार्यक्रम में सूफी खानकाह एसोसिएशन बिहार के मीडिया प्रभारी तालिब फिरदौसी, प्रदेश महासचिव विवेकानंद पासवान, सय्यद जीशान अहमद फिरदौसी, सूफी सय्यद परवेज आलम (खानकाह खलीलिया, खगौल), सय्यद रजा आलम, सय्यद जरनब चिश्ती, जावेद वेस्टीज, डॉ. मोहम्मद शाद, सय्यद मुनीरुर्रहमान सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



# दहेज की बलि चढ़ी नवविवाहिता, पांच माह के मासूम को घर में छोड़ फरार हुए ससुराल वाले

## गले पर मिले निशान, मायके वालों ने लगाया गला दबाकर हत्या का आरोप

आइडियासिटी संवाददाता

**हिलसा ।** हिलसा थाना क्षेत्र के होरिल विगहा गांव में बुधवार को एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान गांव निवासी नीतीश कुमार की 20 वर्षीया पत्नी तनु कुमारी के रूप में हुई है। मायके वालों ने दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने और गला दबाकर हत्या करने का आरोप ससुराल पक्ष पर लगाया है। घटना के बाद पति समेत ससुराल के चारों सदस्य पांच माह के मासूम बच्चे को घर में छोड़कर फरार हो गए।मृतका के पिता महादेव बिंद एकंगरसराय थाना क्षेत्र के पारथु गांव के निवासी हैं। परिजनों के अनुसार, तनु की शादी करीब डेढ़ वर्ष पूर्व नीतीश कुमार के साथ हुई थी। शादी के बाद उसे एक बेटा हुआ, जो अभी महज पांच माह का है। मायके वालों का आरोप है कि शादी के कुछ दिनों बाद से ही पति और ससुराल के अन्य सदस्य दहेज में रुपये की मांग को लेकर तनु को प्रताड़ित करने लगे थे। वह कई बार फोन पर मायके वालों को अपनी परेशानी बताती थी। परिवार की प्रतिष्ठा और बच्चे के भविष्य को देखते हुए परिजन उसे समझाकर



वापस ससुराल भेज देते थे।मृतका के मामा लक्ष्मण कुमार ने बताया कि रात करीब एक से डेढ़ बजे के बीच तनु के ससुर ने फोन कर उसके फांसी लगाने की सूचना दी थी। ससुर ने बताया था कि रात में सभी ने साथ खाना खाया था और पति-पत्नी एक ही कमरे में सोए थे। बाद में तनु को फंदे से लटका हुआ देखा गया। सूचना मिलने पर मायके वाले होरिल विगहा पहुंचे तो घर के आंगन में तनु का शव पड़ा था। वहीं, ससुराल के सभी सदस्य घर से गायब थे। घर में पांच माह का मासूम बच्चा रोता-बिलखता मिला। मासूम को इस हालत में देखकर वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। मृतका के गले पर निशान देखकर मायके वालों ने गला दबाकर हत्या किए जाने की आशंका जताई।परिजनों ने आरोप लगाया कि ससुराल वाले तनु पर मायके से रुपये मंगवाने का दबाव बनाते थे। इतना ही नहीं, उसके नाम पर स्वयं सहायता समूह से एक-दो ऋण भी लिए गए थे, जिसकी रकम ससुराल वालों ने अपने पास रख ली थी। ऋण की किस्त चुकाने के लिए भी तनु पर दबाव बनाया जाता था।

थानाध्यक्ष चंद्रभानु ने बताया कि मृतका के मामा लक्ष्मण कुमार के आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी में पति, सास, ससुर और देवर समेत चार लोगों को आरोपित किया गया है। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की बात सामने आई है, जबकि मायके वालों ने दहेज के लिए हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुटी है।

# धान अधिप्राप्ति में उत्कृष्ट कार्य के लिए पैक्स अध्यक्ष रजनीकांत कुमार सम्मानित

## डीएम उदिता सिंह ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

आइडियासिटी संवाददाता




**नगरनौसा।** बिहारशरीफ स्थित टाउन हॉल में धान अधिप्राप्ति से संबंधित आयोजित बैठक में कछियावां पैक्स अध्यक्ष रजनीकांत कुमार को सम्मानित किया गया। नालंदा की जिलाधिकारी उदिता सिंह ने धान अधिप्राप्ति कार्य को सफल एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने में सक्रिय सहभागिता और सराहनीय योगदान के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। सम्मान मिलने पर पैक्स अध्यक्ष रजनीकांत कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनके लिए गौरव की बात है। धान अधिप्राप्ति का कार्य सीधे किसानों के हितों से जुड़ा है। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिले तथा खरीद प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हो, इसके लिए वे आगे भी पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से कार्य करते रहेंगे।

उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि कछियावां पैक्स से जुड़े किसानों और सहयोगियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। इस अवसर पर नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार, अस्थावां विधायक जितेंद्र कुमार, इस्लामपुर विधायक रुलेह रंजन, राजगीर विधायक कौशल किशोर प्रसाद, नगरनौसा सहकारिता पदाधिकारी राजीव रंजन तिवारी, चंडी सहकारिता पदाधिकारी सहित कई जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# मार्कशीट में नंबर बहुत आएंगे, लेकिन अच्छा इंसान कैसे बनेंगे?

## आरपीएस स्कूल में बच्चों को मिला सफलता का असली मंत्र





आइडियासिटी संवाददाता

**बिहारशरीफ।** आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में बच्चों की सफलता को अक्सर परीक्षा के अंकों, डिग्री और बेहतर करियर के तराजू पर तौला जाता है। अभिभावकों की अपेक्षाएं भी बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर और अधिकारी बनाने तक सीमित होती जा रही हैं। लेकिन इन सबके बीच एक सवाल बेहद अहम है कि क्या अच्छी डिग्री और बेहतर नौकरी ही सफल जीवन की पहचान है? क्या एक अच्छा इंसान बनना उतना ही जरूरी नहीं? इसी सोच को केंद्र में रखते हुए बिहारशरीफ शहर स्थित आरपीएस स्कूल में बुधवार को विद्यार्थियों के लिए विशेष मोटिवेशनल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आरपीएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन अरविंद कुमार सिंह की पहल पर आयोजित इस कार्यक्रम में चंडीगढ़ से पहुंचे जाने-माने मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. आचार्य पवन ने नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को 'लर्न हाउ टू लर्न' यानी सीखना कैसे है, विषय पर प्रभावी शिक्षण के गुर बताए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित रखने के बजाय सीखने की सही प्रक्रिया, एकाग्रता, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास के प्रति जागरूक करना था।

### मोबाइल और तकनीक के दौर में एकाग्रता बड़ी चुनौती

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरपीएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान समय मोबाइल और तकनीक का है। इसके सकारात्मक उपयोग के साथ बच्चों के सामने ध्यान भटकने और एकाग्रता प्रभावित होने की चुनौती भी बढ़ी है। ऐसे में बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए शिक्षकों और अभिभावकों को मिलकर जिम्मेदारी निभानी होगी। बच्चों को सिर्फ पढ़ाई पूरी करने के लिए प्रेरित करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें यह समझाना भी जरूरी है कि किस तरह पढ़ना है, कैसे समझना है और सीखी गई बातों को अपने जीवन में कैसे उतारना है।

### किताबों से दोस्ती और हॉबी को जिंदा रखना जरूरी


चेयरमैन अरविंद कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को किताबों के करीब आने और बुक फ्रेंडली बनने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि तकनीक कितनी भी विकसित क्यों न हो जाए, किताबों का महत्व कभी समाप्त नहीं होगा। पाठ्य पुस्तकों के साथ-साथ बच्चों को अपनी रुचियों और शौक को भी जिंदा रखना चाहिए। पढ़ाई के अलावा खेल, कला, संगीत और अन्य रचनात्मक गतिविधियां भी व्यक्तित्व को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इन सभी पहलुओं के संतुलन से ही एक संपूर्ण व्यक्तित्व का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य केवल आरपीएस स्कूल को शैक्षणिक क्षेत्र में कामयाब बनाना नहीं, बल्कि यहां से निकलने वाले विद्यार्थियों को जीवन में सफल और जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है। उनका दृढ़ विश्वास है कि बच्चे यदि अच्छे इंसान बनेंगे तो सफलता भी निश्चित रूप से उनके कदम चूमेगी। कार्यक्रम के अंत में चेयरमैन ने चंडीगढ़ से आए मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. आचार्य पवन के प्रति आभार जताया।

साथ ही विद्यार्थियों, शिक्षकों और उपस्थित मीडिया कर्मियों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक हासिल करना नहीं, बल्कि ज्ञान, व्यवहार, सोच और संस्कार से एक बेहतर इंसान बनना है।

# मकान मालिक के घर में चोरी करने वाली महिला किराएदार गिरफ्तार, जेवरात बरामद

आइडियासिटी संवाददाता

**बिहारशरीफ।** दीपनगर थाना क्षेत्र के राणा बीघा गांव में मकान मालिक के घर चोरी करने के आरोप में पुलिस ने एक महिला किराएदार को गिरफ्तार किया है। महिला पर मकान मालकिन के घर से सोने और चांदी के आभूषण चोरी कर अपने पास छिपाने का आरोप है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दीपनगर थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि राणा बीघा निवासी स्वर्गीय भूपेंद्र देव की पत्नी प्रीति कुमारी के मकान में नूरसराय थाना क्षेत्र के केवई दहपर निवासी पप्पू रविदास की पत्नी अनीता देवी किराए पर रहती थी। मंगलवार को मकान मालकिन किसी काम से घर से बाहर गई थीं। इसी दौरान आरोपित महिला ने घर में रखे सोने के दो कर्णफूल, एक झुमका, एक नथिया और चांदी की दो बिछिया चोरी कर अपने पास छिपा लिया। घर लौटने पर प्रीति कुमारी ने सामान अस्त-व्यस्त देखा तो उन्हें चोरी की आशंका हुई। इसके बाद उन्होंने आसपास के लोगों को बुलाकर किराएदार से पूछताछ की। ग्रामीणों द्वारा सख्ती से पूछताछ किए जाने पर महिला ने चोरी की बात स्वीकार कर ली। इसके बाद मंगलवार देर रात ग्रामीणों ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया।थानाध्यक्ष ने बताया कि मकान मालकिन के लिखित आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर बुधवार को आरोपित महिला को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी व्यक्ति को किराएदार रखने से पहले उसकी पहचान और पृष्ठभूमि की अच्छी तरह जांच कर लें, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।






# राजगीर में 21 नवंबर को मनेगा गुरु नानक देव का 558वां प्रकाश पर्व, तीन दिनों तक सजेगा धार्मिक दीवान

## गुरुवाणी कीर्तन और शबद गायन से गूंजेगा ऐतिहासिक गुरु नानक शीतल कुंड गुरुद्वारा

आइडियासिटी संवाददाता

**राजगीर।** अंतरराष्ट्रीय पर्यटन नगरी राजगीर की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक धरती एक बार फिर गुरु नानक देव जी के संदेशों से गुंजायमान होने वाली है। यहां स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा गुरु नानक शीतल कुंड में 21 नवंबर को सिख धर्म के संस्थापक एवं प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी महाराज का 558वां प्रकाश पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस पावन अवसर को यादगार बनाने के लिए गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। गुरुद्वारा परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। प्रकाश पर्व में शामिल होने के लिए नालंदा सहित आसपास के जिलों और देश के विभिन्न हिस्सों से सिख संगत के पहुंचने की उम्मीद है।

**आज 19 नवंबर से शुरू होगा अखंड पाठ, 21 को मुख्य दीवान**

प्रकाश पर्व के धार्मिक आयोजनों की शुरुआत 19 नवंबर की सुबह श्री अखंड पाठ साहिब के शुभारंभ के साथ होगी। यह पाठ लगातार तीन दिनों तक चलेगा। 21 नवंबर को सुबह अखंड पाठ साहिब की संपूर्णता यानी भोग के बाद मुख्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर गुरुद्वारा दरबार साहिब में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक विशेष दीवान सजाया जाएगा। इसमें तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के प्रसिद्ध रागी जत्थे और विद्वान प्रचारक विशेष रूप से शामिल होंगे। रागी जत्थों की ओर से गुरुवाणी कीर्तन और शबद गायन प्रस्तुत किया जाएगा, वहीं प्रचारक गुरु नानक देव जी के जीवन, दर्शन और उपदेशों पर कथा-प्रवचन करेंगे।



**मानवता, समानता और सेवा का संदेश देंगे प्रचारक**

प्रकाश पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि गुरु नानक देव जी के विचारों और उनके बताए जीवन मार्ग को जन-जन तक पहुंचाने का अवसर भी बनेगा। वक्ता और प्रचारक गुरु साहिब के जीवन दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डालेंगे। उन्होंने पूरी मानवता को प्रेम, भाईचारे, सामाजिक समानता और निस्वार्थ सेवा का संदेश दिया था।

उनकी शिक्षाओं का मूल भाव है कि सभी मनुष्य समान हैं और किसी के साथ जाति, धर्म अथवा ऊंच-नीच के आधार पर भेदभाव नहीं होना चाहिए। सत्य के मार्ग पर चलना, मेहनत की कमाई करना और जरूरतमंदों की सेवा करना उनके उपदेशों के महत्वपूर्ण आधार रहे हैं।

### संगत से सपरिवार शामिल होने की अपील

गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी प्रकाश पर्व को लेकर साफ-सफाई, सजावट और श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटी है। प्रबंधन का प्रयास है कि बाहर से आने वाली संगत को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। राजगीर के ऐतिहासिक और धार्मिक परिवेश में स्थित गुरु नानक शीतल कुंड गुरुद्वारा सिख संगत के लिए विशेष आस्था का केंद्र है। प्रबंधन कमेटी ने जिले के श्रद्धालुओं, स्थानीय नागरिकों और सिख संगत से 21 नवंबर को सपरिवार पहुंचने की अपील की है। श्रद्धालुओं से गुरु चरणों में मत्था टेकने, गुरुवाणी कीर्तन का श्रवण करने और गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लेने का आग्रह किया गया है।






# थरथरी के दर्जनों गांवों में श्रद्धा के साथ मनाई गई अक्षय नवमी

आइडियासिटी संवाददाता

**थरथरी।** बुधवार को स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के कचहरिया, करियावां, भतहर, थरथरी, अस्ता, रायपुर कोयल बिगहा समेत दर्जनों गांवों में अक्षय नवमी श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने आंवले के वृक्ष की पूजा-अर्चना की तथा सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। पुरोहित आचार्य हेमंत पांडेय ने बताया कि अक्षय नवमी का हिंदू धर्म में विशेष धार्मिक महत्व है। इस दिन आंवले के वृक्ष की पूजा, दान-पुण्य और भगवान विष्णु की आराधना करने की परंपरा है। मान्यता है कि इससे घर में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है।











यह समाचार पत्र आशीष कुमार द्वारा मामू भगना मोड़, बाल भारती स्कूल के नजदीक, बड़ी पहाड़ी, बिहार शरीफ, नालंदा (बिहार) से आईसीएनएन मीडिया एंड वेंचर प्राइवेट लिमिटेड की ओर से प्रकाशित की जाती है, जिसका संपादन आशीष कुमार द्वारा किया जाता है तथा पृथ्वीश दास द्वारा डीबी कॉर्प लिमिटेड, उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) पर मुद्रित की जाती है। संपादक : आशीष कुमार। BIHHIN/26/A8735 फोन : 8829049947, ईमेल : ideacitinews@gmail.com